कार्यवाही

अलग-अलग होटलों से धराए, खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्यवाही

होटल से 13 रसोई गैस सिलेंडर जब्त

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, अमेरिका, इजराइल और ईरान में चल रहे युद्ध के चलते जिले भर में रसोई गैस की आपूर्ति लड़खड़ा गई है। हालात यह है कि नए नियमों के तहत 25 दिनों में रसोई गैस की बुकिंग होगी। वही 7 दिनों में डिलवेरी होगी। वही कॉमर्सियल गैस पर पाबंदी लगा दी गई है। होटलों, ढाबों और रेस्टारेंटों में चूल्हा और अन्य संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में इन स्थानों पर चोरी से रसोई गैस का उपयोग करने वालों पर गाज गिरी है। जिसके तहत 13 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किए गए है।

दरअसल कलेक्टर के आदेशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी के निर्देशन में राघवेन्द्र सिंह लिल्होरे, सहायक आपूर्ति अधिकारी छिन्दवाड़ा शहरी, राजेन्द्र सिंह वरकडे, सहायक आपूर्ति अधिकारी चौरई, अलोक काछी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ग्रामीण छिन्दवाड़ा के संयुक्त जांच दल ने बुधवार को तहसील छिन्दवाडा ग्राम सारना में घरेलू गैस सिलेंडरो के संग्रहण/दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई। जिसमें विश्वकर्मा होटल से 02 नग आंशिक भरे सिलेडर मय भट्टी, सागर स्वीट्स से 01 नग आंशिक भरा सिलेडर, सांवरिया सेठ टी स्टॉल छिन्दवाडा से 03 नग आंशिक भरा सिलेडर मय भट्टी जप्त किये गये। इसके साथ ही तहसील अमरवाडा में तहसीलदार अमरवाडा, नायब तहसीलदार एवं श्री गीतराज गेडाम सहायक आपूर्ति अधिकारी अमरवाडा एवं पुलिस बल के संयुक्त जांच दल द्वारा दा बैठक ढाबा से 02 नग, सुविधा फैमली रेस्टारेंट से 01 नग, राजपूत रेस्टारेट से 02 नग, अम्बर स्वीट्स से 01 नग, लवी ढाबा से 01 नग इस प्रकार कुल तहसील छिन्दवाडा मे 03 प्रतिष्ठानो से कुल 06 नग घरेलू गैस सिलेंडर व तहसील अमवाडा में 05 प्रतिष्ठानो से कुल 07 नग घरेलू गैस सिलेंडर इस प्रकार जिले मे कुल 08 प्रतिष्ठानों से 13 नग घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 33 हजार रूपये की साम्रगी जप्त की गई है। घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरूपयोग पाये जाने के कारण उपरोक्त 08 प्रतिष्ठान संचालक के विरूद्ध कुल 13 नग घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही अन्य दुकानदारों एवं चौपाटी संचालको के प्रतिष्ठान दरबार रेस्टारेट एवं ढाबा अमरवाडा रोड, एन. एम फार्म रेस्टारेट खापाभाट रोड, माय 06 कैफे की जांच की गई जिसमे उनके द्वारा चूल्हा एवं ईलेक्ट्रिक ईडक्शन का इस्तेमाल किया जाना पाया गया।

नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार आज शहर में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की गई। योजना कार्यालय के सामने गन्ने एवं फल-फ्रूट विक्रेताओं द्वारा लगाई गई कुर्सियां जप्त की गई।

इसी क्रम में फव्वारा चौक से गांधी की प्रतिमा के आसपास कपड़ा विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाया गया। बड़ा तालाब क्षेत्र में बांस-बल्लियों का सामान हटवाकर स्थल को खाली कराया गया। वहीं नागपुर रोड स्थित चर्च के सामने से गुमठी एवं हाथ ठेला संचालकों को हटाते हुए मार्ग को व्यवस्थित किया गया।

श्री रामेश्वरम धाम में कलश यात्रा के साथ हुआ 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ

सिहोरामाल में आज से आयोजित होगा 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति और साहू परिवार के द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 19 मार्च से 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस दिव्य और पुण्य आयोजन में आज 19 मार्च से प्रतिदिन सैकड़ों यजमान 1008 यज्ञकुण्डों में आहुतियां अर्पित करेंगे।

18 मार्च को दोपहर में रामेश्वर धाम सिहोरामाल से विशाल कलश यात्रा के साथ ही 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया है। छिन्दवाड़ा के इतिहास में रामेश्वर धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की कलश यात्रा में सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार और बडी संख्या में श्रद्वालूजन शामिल हुये। श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गुजरात कोहना से पधारे महंत सीताराम बापू जी, ओमकारेश्वर से पधारे महंत मंगलदास त्यागी जी, आनंद धाम राजना से पधारे संत विवेक जी महाराज और आचार्य पं. अरूण शर्मा शास्त्री जी एवं अन्य पुजारियों की प्रमुख उपस्थिति में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में 19 मार्च से 26 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से श्री शिव अभिषेक, दोपहर 1:30 बजे से देवी सहस्त्रार्चन एवं दोपहर 3 बजे से 1008 कुंडों में आहुतियां डाली जाएगी। इस दिव्य और भव्य महायज्ञ की गरिमा को बनाए रखने के लिए सिर्फ यजमानों और सेवादारों को ही आई. कार्ड. वितरित किए गए है। बाकी सभी दर्शनार्थियों को सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ स्थल पर बिना आई. कार्ड के ही प्रवेश दिया जाएगा। यज्ञस्थल के पास ही आमजनों और श्रद्धालुओं के लिए आहुतियां अर्पित करने हेतु अलग से यज्ञकुण्ड बनाया गया है। जहां पर सभी आहुतियां अर्पित कर सकते है। समिति के पदाधिकारियों ने जिलेवासियों व धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि भगवान भोलेनाथ एवं जगत जननी मां दुर्गा जी असीम कृपा से आयोजित हो रहे इस सहस्त्र चंडी महायज्ञ में उपस्थित होकर महायज्ञ का पुण्य लाभ अर्जित कर, अपने जीवन को सफल बनाए। 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी यजमानों को 19 मार्च को प्रातः 10:30 बजे श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल मंदिर में महायज्ञ की आवश्यक जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

सनातन धर्म में सहस्त्र चंडी महायज्ञ का है विशेष महत्व

श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है, इस महायज्ञ से बिगड़े हुए ग्रहों की स्थति, जीवन में आने वाले अनेक संकटों, पारिवारिक बाधा, व्यक्तिगत बाधा, स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ जीवन में समस्त को साधने के यज्ञ का नाम, समस्त के आशीर्वाद को पाने का नाम है। जीवन में परमात्मा का साथ ही और पुण्य ही जीवन को सफल बनाता है और सहस्त्र चंडी महायज्ञ पुण्यों की संज्ञा में महापुण्य का नाम है।

इस यज्ञ के बाद मनुष्य खुद को एक आनंदित वातावरण में महसूस करता है। पुराणों में इसकी महिमा के बारे में यहाँ तक बताया गया है कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ को गणेश जी, शिवजी, नव ग्रह और नव दुर्गा (देवी) को समर्पित करने से मनुष्य का जीवन धन्य होता है। ऐसा कहा जाता है कि सहस्त्र चंडी होम के साक्षी बनने के लिए भी व्यक्ति को वर्तमान और पूर्व जन्मों में महान कर्म करने चाहिए। शास्त्रों में कहा गया है, ÷कलौ चंडी विनायकौ,÷ जिसका अर्थ है कि कलियुग में देवी चंडी (मां दुर्गा) मानवजाति को तत्काल लाभ प्रदान करती हैं। देवी स्वयं देवी महात्म्यम के चौथे और बारहवें अध्यायों में चंडी परायण और होम करने से प्राप्त होने वाले सभी लाभों का वर्णन करती हैं।

गर्मी में लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की अपील

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, ग्रीष्मकालीन मौसम की शुरुआत के साथ ही जिले में बढ़ती गर्मी और शुष्क वातावरण के कारण लू (तापघात) का खतरा बढ़ गया है। अधिक समय तक धूप में रहने से आमजन इसके शिकार हो सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ सावधानियां अपनाकर लू से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में बाहर निकलते समय सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, भोजन और पानी लेकर ही घर से निकलें। सिर, गर्दन और कान को गमछे या तौलिये से ढकें तथा छतरी और रंगीन चश्मे का उपयोग करें। अधिक मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें और बाहर जाते समय पानी साथ रखें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न जाने दें। सीएमएचओ डॉ. गोन्नाडे ने बताया कि घर के अंदर तेज धूप को आने से रोकें, ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें तथा अधिक समय तक धूप में रहकर मेहनत या व्यायाम करने से बचें। साथ ही नंगे पांव धूप में चलने से भी परहेज करें।

लू लगने पर तेज सिरदर्द, मुंह व जीभ सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, पसीना आना, शरीर में पानी की कमी, आंखों व पेशाब में जलन, त्वचा का लाल और सूखा होना, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होना, मतली, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन, सांस फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट, चक्कर आना और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

लू लगने पर रोगी को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाएं, कपड़े ढीले करें और हवा दें। बेहोशी की स्थिति में कोई भी खाने-पीने की चीज न दें और तुरंत चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। होश में होने पर ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल या कच्चे आम का शर्बत (पना) दें। शरीर का ताप कम करने के लिए ठंडे पानी से स्नान कराएं या ठंडी पट्टियां रखें।

झूलेलाल जयंती : आज बस स्टैंड पर भंडारा, डीजे नाइट, शुक्रवार को निकलेगी शोभायात्रा

भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव की तैयारी पूरी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, सेवा, भक्ति, सिमरन, सत्संग और उत्साह के साथ शुक्रवार को भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई जाएगी। भगवान झूलेलाल जयंती से पूर्व गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बस स्टैंड में आम भंडारे का आयोजन होगा।

गुरुवार को ही शाम 7 बजे से शानदार सिंधु मेला स्वादिष्ठ व्यंजनों ओर एंकर अंशुल चुगलानी के मस्ती के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति, होगी । साथ ही झूलेलाल भगवान के शानदार गीतों की डीजे पर धूम होगी। रात 12 बजे शानदार प्रस्तुति के साथ स्टेज पर केक काटकर आतिशबाजी के साथ भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अगले दिन शुक्रवार 20 मार्च की सुबह 7.30 बजे सुखमणि साहेब का पाठ, भजन, महाआरती, दुपहिया वाहन रेली, दोपहर एक बजे से 3 बजे तक भंडारा प्रसाद और दोपहर 3 बजे से मंदिर में पंजड़ा साहेब गुझी कुन्नी में अक्खा, पल्लव और शाम 4 बजे शोभायात्रा निकलेगी। रात्रि 8 बजे दरर्याह शाह पर झूलेलाल भगवान की धूनी, के बाद औरती पल्लव और ज्योति साहेब का विसर्जन के बाद महाप्रसाद का वितरण होगा। समस्त आयोजन झूलेलाल चालीसा सेवा समिति, पूज्य सिंधी पंचायत छिंदवाड़ा एवं झूलेलाल महिला सेवा समिति के माध्यम से होंगे।

अवैध जल उत्खनन पर जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के अंतर्गत जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने के अनुपालन में आज ग्राम चरई इंटेक वेल के समीप बड़ी कार्यवाही की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंटेक वेल के समीप नदी क्षेत्र में व्यक्तियों द्वारा विद्युत मोटर पंप लगाकर अवैध रूप से फसलों की सिंचाई की जा रही थी, जिससे सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों के जलस्तर में गिरावट और पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही थी। इस सूचना के आधार पर तहसील परासिया के राजस्व अमले एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर श्याम पिता खुशीलाल एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा नदी में ओपनवेल मोटर लगाकर सिंचाई कार्य करते पाया गया, जो कि कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके से अवैध रूप से संचालित मोटर पंपों को जप्त किया गया तथा संबंधितों को भविष्य में पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई न करने के लिये कड़ी समझाइश दी गई।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले के समस्त नदी, नालों और जल स्त्रोतों का उपयोग केवल पेयजल एवं घरेलू प्रयोजनों के लिए सुरक्षित किया गया है। अधिनियम की धारा-9 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत आदेश के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए जल संरक्षण में सहयोग प्रदान करें और प्रतिबंधित अवधि में सिंचाई के लिये सार्वजनिक जल स्त्रोतों का उपयोग न करें।

दो वृद्धा पर मधुमक्खियों का हमला, हालत गंभीर

निजी अस्पताल में कराया भर्ती

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, साबले बाड़ी अर्द्धनारेश्वर मंदिर के समीप कुछ महिलाओं पर मधुमक्खियों पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन महिलाएं गंभीर घायल हो गई है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार सुक्का बाई गोस्वामी, अदिति दोनों की उम्र करीब 65 साल साबले बाड़ी की रहने वाली है। दोनों वृद्धा सुबह अर्द्धनारिश्वर मंदिर के समीप से गुजर रही थी। इस दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। आसपास अफरा-तफरी मच गई। तीन से चार वृद्ध मक्ि ायों की चपेट में आ गई। जिसमें दो वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें तत्काल आसपास के लोगों ने जैसे तैसे बचाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

कार्यवाही

तामिया क्षेत्र के कुआंबादला और बांगई में हो रहा था रेत का अवैध परिवहन

खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन करते दो वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 18 मार्च, कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 से 16 मार्च 2026 की दरमियान तामिया क्षेत्र के अंतर्गत कुंआबादला एवं बांगई में कार्रवाई करते हुए एक टिप्पर एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। जप्त वाहनों को थाना तामिया की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

इसके अतिरिक्त 17 मार्च को खनिज विभाग की टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बाड़ीवाड़ा से अवैध रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना चांद की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं रेत का अवैध उत्खनन करते एक ट्रैक्टर को थाना उमरानाला तथा गिट्टी का अवैध परिवहन करते एक अन्य ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना चांद की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया । सभी प्रकरणों में खनिज नियमों के तहत आगामी कार्रवाई के लिये जप्त वाहनों के प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी

डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।

डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन
(कंसल्टेंट फिजिशियन)

उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध। 24/7 EMERGENCY SERVICES

पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी

हमें आवश्यकता है....
नर्सिंग स्टाफ - 10 -: योग्यता:- B.Sc/M.Sc Nursing/GNM)
ड्यूटी डॉक्टर - 5 -: योग्यता:- MBBS/BAMS/BHMS
रिसेप्शनिस्ट - 4 -: योग्यता:- Graduation+Computer
टेली कॉलर - 2 -: योग्यता:- Graduation
हाउसकिपिंग स्टाफ - 4 (पुरुष (2) महिला (2)
सुरक्षा गार्ड - पुरुष -: योग्यता:- ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास

रिक्त पदः- प्राथमिकता एक्सपियरेंस कैंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)

संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंजे- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।